>

Title: Need to develop the sites of Buddhist monuments and caves in the country as tourist destinations.

श्री एकनाथ महादेव गायकवाड (मुम्बई दक्षिण-मध्य): मैं सरकार का ध्यान देश में स्थित बौद्ध स्मारक स्थलों एवं गुफाओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। महोदया, देश भर में लगभग 772 बौद्ध स्मारक स्थल हैं इसमें से बहुत कम स्मारक स्थलों की सरकार द्वारा निगरानी व्यवस्था की जाती है। अधिकांश बौद्ध स्मारक स्थल और गुफाएं खंडित अवस्था में हैं। कराड़ जिला सतारा, महाराष्ट्र में लगभग 60 बौद्ध गुफाएं हैं जिनकी हालत काफी दयनीय है। बिहार राज्य द्वारा बोध गया के बौद्ध विहार के लिए गठित कमेटी में हिन्दुओं की सदस्य संख्या ज्यादा है।

अतः मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि देशभर में स्थित बौद्ध स्मारक स्थलों एवं गुफाओं को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए और बोध गया के बौद्ध विहार के लिए गठित कमेटी में बौद्ध समाज के ही प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।